हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ यतीन्द्र कटारिया "विद्यालंकार" का टीएचडीसी के कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश का दौरा

हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ यतीन्द्र कटारिया "विद्यालंकार" ने 25 जून, 2024 को कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश का दौरा किया। 26 जून, 2024 को श्री कटारिया ने राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में श्री एस.बी.प्रसाद, उप महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) एवं हिंदी अनुभाग के अधिकारियों से विचार–विमर्श किया। जिसमें श्री कटारिया को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया। श्री कटारिया ने टीएचडीसी में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसका श्रेय टीएचडीसी के शीर्ष अधिकारियों को जाता है जो कि टीएचडीसी के हिंदी अनुभाग का मार्गदर्शन कर रहे हैं तथा राजभाषा कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने में हर संभव सहायता कर रहे हैं। उन्होंने निगम में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के.विश्नोई एवं श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) के राजभाषा कार्यान्वयन में अमूल्य योगदान के लिए एक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) सहित हिंदी अनुभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सत्यमेव जयते

हिन्दी सलाहकार समिति

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार

दिनांक 25 जून 2024

प्रमाण पत्र

टीएचडीसी लिमिटेड

ऋषिकेश

टीएचडीसी में श्री राजीव विश्नोई जी अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक एवं श्री शैलेन्द्र सिंह जी निदेशक कार्मिक एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यनवयन समिति हरिद्वार के नेतृत्व में टीएचडीसी अपने राजभाषा कार्मिको के साथ राजभाषा हिन्दी के अनुपालन में पूर्ण कर्त्तव्य निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। एतदर्थ टीएचडीसी को राजभाषा के प्रति कर्त्तव्य निष्ठा के लिए यह प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

(डा. यतीन्द्र कुमार कटारिया)

सदस्य हिन्दी सलाहकार समिति

विद्युत एवं विदेश मंत्रालय भारत सरकार

संयोजक विश्व हिन्दी मंच

******

Created by Universal Document Converter